Dte. of Trg. & Tech. Education
Diary No. 3095
08 JUL 2013
Muni Maya Ram Marg
Pitam Pura, Near T.V. Tower
DELHI-110088


प्रशासनिक सुधार विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
7वाँ तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–110002

फैक्स संख्याः 23392621


सं०एफ. 13/04/ 2013–प्र.सु/ 7866–8025/c                    दिनांकः 04/07/13

## परिपत्र

इस विभाग में यह शिकायत प्राप्त होती है कि दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के समस्त विवरण जैसे नाम, पद, कार्यालय का पूरा पता, दूरभाष संख्या आदि कार्यालयों में प्रदर्शित नहीं होता है, इसके अतिरिक्त सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 से संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी निर्धारित अवधि में आवेदकों को नहीं दिया जाता है । अतः इस संबंध में मुझे यह सूचित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है कि दिल्ली सरकार के समस्त विभागों को अपने–अपने कार्यालयों में जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के समस्त विवरण जैसे नाम, पद, कार्यालय का पूरा पता, दूरभाष संख्या विभाग के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करें, जिससे आम लोगों को संबंधित विभाग के जन सूचना अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी की सूचना आसानी से प्राप्त हो सके ।

Dir (TE)
DD (CDM)

इसके अतिरिक्त यह भी अनुरोध किया जाता है कि जो आवेदन पत्र सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्राप्त होते हैं, उनका निपटान कथित अधिनियम के अंतर्गत दी गई समयावधि में किया जाये ।

3021/PA/Dir.
10-7-13.

सीमा बाबा 4/7/13
(सीमा बाबा)
उपनिदेशक,
प्रशासनिक सुधार विभाग
दूरभाष संख्याः 23392422

554/CDM
12/7/13

सेवा में,

1. सभी प्रधान सचिव/ सचिव/ विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार ।
2. सभी विभागाध्यक्ष स्थानीय निकाय /स्वायत्त निकाय / उपक्रम तथा दिल्ली सरकार के स्वामित्व या द्वारा पोषित अन्य संस्थाएं ।

सीमा बाबा 4/7/13
(सीमा बाबा)
उपनिदेशक,
प्रशासनिक सुधार विभाग

C/T.